# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 16.10.2025

**1. थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा धोखाधडी कर 12 लाख 38 हजार रुपये हड़पने के षडयंत्र में शामिल वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **16.10.2025** को **थाना बीटा-2** द्वारा गोपनीय सूचना की सहायता से मु0अ0सं0 460/2025 धारा 318(4)/316(2)/336(3)/338/340(2)/61(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त सैय्यद नवेद फैसल उर्फ बॉबी पुत्र सैय्यद कैसर अली को थाना बीटा-2 क्षेत्र से **गिरफ्तार** किया गया है।

अभियुक्त सैय्यद नावेद फैसल उर्फ बॉबी द्वारा अपने सहअभियुक्तो के साथ मिलकर धोखाधडी कर आपराधिक षडयंत्र करके कूटरचित दस्तावेज तैयार कर मस्जिद के चंदे के 12.38 लाख रुपयों को बैंक में जमा न करके अपने सह अभियुक्तो के साथ हड़प लिया गया था। घटना के सम्बन्ध में दिनांक 05.10.2025 को वादी द्वारा अभियुक्त सैय्यद नावेद फैसल आदि 09 अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 460/2025 धारा 318(4)/316(2)/336(3)/338/340(2)/61(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत कराया था।

**अभियुक्त का विवरण--**
सैय्यद नवेद फैसल उर्फ बॉबी पुत्र सैय्यद कैसर अली निवासी कासिमजान बल्ली मारान, थाना लाहौरी गेट, जिला नार्थ दिल्ली।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**
मु0अ0सं0 460/2025 धारा 318(4)/316(2)/336(3)/338/340(2)/61(2) बी0एन0एस0 थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

**2. थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस द्वारा गांजा तस्करी करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 04 किलो 172 ग्राम गांजा बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **16.10.2025** को **थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस** द्वारा बीट पुलिसिंग व गोपनीय सूचना की सहायता से अवैध गांजा की तस्करी करने वाला एक अभियुक्त रिषभ पाण्डेय पुत्र राकेश पाण्डेय को थाना सेक्टर-58 क्षेत्र से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 04 किलो 172 ग्राम गांजा बरामद हुआ है।

अभियुक्त शातिर किस्म का गांजा तस्कर है, जिसके द्वारा कम्पनियों में काम करने वाले लोगो व मजदूरो को गांजा बेचा जाता है। अभियुक्त के सम्बन्ध में अन्य जानकारी की जा रही है।

**⇓ अभियुक्त का विवरण--**

रिषभ पाण्डेय पुत्र राकेश पाण्डेय निवासी रोजबैरीख आदित्यपुर, जमशेदपुर झारखण्ड उम्र करीब 28 वर्ष।

**⇓ बरामदगी का विवरण--**

04 किलो 172 ग्राम अवैध गांजा

**⇓ पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

मु0अ0सं0 375/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सेक्टर-58, नोएडा।